## खबर संक्षेप

### बीएमएस छोड़, एचएमएस में शामिल हुए देवेन्द्र पाल बक्शी और अवतार सिंह

**परासिया :** आगामी दिनों में श्रमिक सगठनों का सदस्यता अभियान शुरू होने वाला है , जिसके चलते श्रमिक संगठन के पदाधिकारी अभी से सक्रिय हो गए हैं । इसी क्रम में श्रमिक संगठन एच एम एस पेंच - कन्हान ने अपने संगठन में दुसरे संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों को शामिल करने में कामयाबी हासिल की है । श्रमिक संगठन बी एम एस के सदस्य देवेंद्र पाल बख्शी और अवतार सिंह ने अपने समर्थकों के साथ बी एम एस छोड़ एच एम एस में शामिल हो गए हैं ।

### आधार में समावेशी रक्षा बंधन महोत्सव 7 को

**छिंदवाड़ा।** बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन के साथ समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम के तत्वाधान में कल गुरुवार 7 अगस्त को विविध कार्यक्रमों के साथ नगर के परासिया रोड स्थित आधार फाउंडेशन में दोपहर 2.30 बजे से दिव्यांग बच्चों के साथ समावेशी रक्षाबंधन महोत्सव मनाया जावेगा। जिसके मुख्य अतिथि श्रीमति निवेदिता गुप्ता (भा. पु. से.) सेनानी 8 वीं वहिनी, विशेष सशस्त्र बल एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा, विशिष्ट अतिथि श्रीमति रेखा शीलेंद्र सिंह, श्रीमती वर्षा सुधीर जैन रहेंगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर करेंगे। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि के रूप में विविध सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों सहित समाज सेवियों को आमंत्रित किया गया है। जिनकी विशेष उपस्थिति में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समावेशी रक्षाबंधन महोत्सव मनाया जावेगा।जिसमें सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं दिव्यांग बच्चों का उत्साह बढ़ाने की अपील समस्त जिले वासियों सहित गणमान्य नागरिकों से आधार फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रीमती सरिता पांडे, सचिव सुमित्रा पवार, सक्षम के जिलाध्यक्ष इंजीनियर महेश किन्थ, सचिव डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा सहित आयोजक मंडल द्वारा की गई है।

### आबकारी अमले ने सोमाढाना, गोसाईढाना एवं गंगई में महुआलाहन व हाथभट्टी मदिरा की जब्त

# जिले में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही, 12 प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। मंगलवार प्रातः वृत्त प्रभारी श्री आकाश मेश्राम के नेतृत्व में आबकारी अमले ने ग्राम सोमाढाना, गोसाईढाना एवं गंगई में दबिश देकर बड़ी मात्रा में महुआ लाहन व हाथ भट्टी मदिरा जब्त की।

ग्राम सोमाढाना में नाले एवं जंगल किनारे, पानी के अंदर, प्लास्टिक कैनों व झाड़ियों में छुपाकर रखे गए महुआ लाहन को टीम द्वारा विधिवत रूप से नष्ट किया गया। मौके से महुआ से बनी हाथ भट्टी शराब भी बरामद की गई। इसके पश्चात ग्राम गोसाईढाना में जंगल के भीतर विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखे गए प्लास्टिक ड्रमों में भरे महुआ लाहन को भी नष्ट किया गया। टीम ने अंतिम कार्यवाही ग्राम गंगई में की, जहां डैम के किनारे रबर के ट्यूबों एवं पन्नियों में भरकर रखी गई महुआ लाहन और शराब को भी बरामद कर नष्ट किया गया। कार्यवाही के दौरान कुल 12 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमें 6600 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 140 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा को कब्जे में लिया गया। इस संपूर्ण अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कैलाशचंद्र चौहान, श्री गौरव पांडे, आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम, श्री जीतसिंह धुर्वे, श्रीमती वैशाली भगत, श्री अनिकेत पटेल सहित आबकारी विभाग का अमला मौजूद रहा।

## होटल व प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरुपयोग पर कार्रवाई, 3 सिलेण्डर जब्त

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चौरई के निर्देशन में आपूर्ति विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरुपयोग को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई। 04 अगस्त 2025 को सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह बरकड़े एवं श्री सरफरोज खान द्वारा चौरई अनुविभाग के अंतर्गत होटल एवं प्रतिष्ठानों में संयुक्त जांच की गई। इस दौरान लक्की रेस्टोरेंट (संचालक श्री दुर्गश सिंगोतिया), जीत केटीन (संचालक श्री सुनील ठाकुर) एवं भुट्टा दाना की दुकान (संचालक श्री मनोज वर्मा) में घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से व्यावसायिक



उपयोग पाया गया। कार्रवाई के दौरान तीनों प्रतिष्ठानों से कुल 03 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत की गई है। संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध विधिसंगत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### पचास से अधिक ऑपरेशनों में निभाई भूमिका

# सीएमएचओ के रूप में हुई डॉ. गगन कोल्हे की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मध्य प्रदेश रेड क्रॉस के पूर्व अध्यक्ष, डॉ. गगन कोल्हे को जिले का नया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को केवल एक पदोन्नति नहीं, बल्कि छिंदवाड़ा की स्वास्थ्य व्यवस्था में एक क्रांतिकारी परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है। एक दूरदर्शी व्यक्तित्व, एक कर्मयोगी नेतृत्वडॉ. गगन कोल्हे का नाम कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अटूट सेवाभाव का पर्याय है। रेड क्रॉस में उनके अविस्मरणीय कार्यकाल के दौरान, उन्होंने अनेक ऐसे पहल कीं जिन्होंने समाज के सबसे वंचित वर्गों के जीवन को रोशन किया। उन्होंने 50,000 से अधिक सफल ऑपरेशनों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो उनकी अटूट दक्षता और अनुभव का प्रमाण है।



## सरहद के सैनिकों के लिए बहनों ने रक्षा सूत्र भेजे

**सौंसर।** रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं, लेकिन देश की सीमा की रक्षा कर रहे सैनिको के लिए घर आना संभव नही होता इस बात को समझ कर तथा सैनिको के सन्मान की एंव भातृस्नेह की भावना के साथ शासकीय कन्या उमा. विद्यालय सौसर की 282 छात्राओ सहित 12 शिक्षिकाओ ने स्वयं 311 राखियां तथा रक्षा सूत्र बनाकर सैनिको को भेजी है,मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर उपाध्यक्ष इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन तथा आशीष ठाकरे पूर्व सैनिक को राखियाँ शाला की ओर से शकुंतला कमाले, सूर्यकीर्ति काले तथा छात्राओ ने एकत्रित कर प्रदान की गयी। यह राखियाँ एंव रक्षा सूत्र 17 आर आर सेक्टर जम्मु कश्मीर मे तथा सीमा पर तैनात जवानो के लिए भेजी जा रही है।पूर्व सैनिक प्रदीप कलस्कर ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन हमारे जवान भी देश की बहनों के स्नेह और सम्मान को महसूस कर सकें। सूर्यकीर्ति काले ने कहा इस पहल के माध्यम से न सिर्फ सैनिकों को भावनात्मक संबल मिलेगा, बल्कि देशभक्ति और भाईचारे की भावना को भी बल मिलेगा। शकुंतला कमाले छात्रा अश्विनी निकाजु सरोज वालके, अनिता उइके, संगीता ढोके, नीलू पाटिल, रागिनी बिसेन, निरू गुरु, शशिकला नागले,सुशीला बाई, उर्मिलाबाई,कीर्तिसागर बागडे, राजरतन बागडे, अतुल बनायित उपस्थित थे।

## नेहरिया बीएमएस की बैठक का आयोजन

**परासिया :** भारतीय मजदूर संघ नेहरिया के सचिव मनोज गौतम ने जानकारी देते हुए बताया, कि दिनांक 05/08/2025 को नेहरिया शाखा की मासिक बैठक आहूत की गई । जिसमें पेंच कन्हान के अध्यक्ष मोहित नामदेव व महामंत्री निखिलेश राहा उपस्थित हुए । जिसमें शाखा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया । उक्त बैठक में नेहरिया भूमिगत ख़ान के ज्वलंत विषयों पर चर्चा की गई व आगामी समय में बी एम एस द्वारा किए जाने वाले आंदोलन की जानकारी से कामगारों को अवगत कराया गया ।



इस बैठक में संयुक्त महामंत्री रामदास सोलंकी , मंत्री सलामुद्दीन अंसारी उपमंत्री देवराज बावरिया , राजेश पासवान एरिया डब्ल्यू आई करण सिंह कामगार निरीक्षक उमेश पहाड़े विनोद डेहरिया वरिष्ठ ओवरमैन राजेश डेहरिया कल्याण सदस्य विजय अहके व संगठन के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

### डोमनी और ढोरनी के भारिया आदिवासी न्याय की आस में पहुंचे कलेक्ट्रेट

# विचित्र किंतु सत्य, आज भी अंधेरों में जी रही जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

यह बात आपको पढ़ने में अजीब लगे परंतु यही वजह हकीकत है जिसे तामिया क्षेत्र के डोमनी और ढोरनी गांव के लोगों ने मंगलवार जनसुनवाई के दौरान अफसरों को बताई। भोई और भारिया समाज के लोग आजादी के 78 साल बाद भी बिजली देखने को तरस गए। इनके गांव में मूलभूत सुविधाओं का भी न होना हमारे देश की विकास व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है। गांव में पहुंचने के लिए न तो सड़क है और न ही पीने का साफ पानी। नेता और अधिकारी आते है बड़ी बातें करते है, वोट मांगते है और फिर पांच साल पलटकर नहीं देखते। सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित है। गांव के हालात बद से भी बदत्तर। पचास घरों की बस्ती में मूलभूत सुविधाएं, सड़क बिजली, पानी तो है ही नहीं। शिक्षा के अलख जलाने वाले भी नदारत है। ऐसे में आदिवासियों की जुबान से सुनी हुई यह कहानी विचित्र किंतु सत्य जान पड़ती है। विकास की बड़ी बड़ी बात करने वाले नेता योजनाओं का पुलिंदा तैयार करने वाले अधिकारी, योजनाओं के क्रियान्वयन को कागजों में दिखाने वाले विभाग के कर्मचारी फिर एक बार सवालों के घेरे में है कि क्या कसूर है इन आदिवासी जनजाति के लोगों का जो आज भी विकास की मुख्य धारा से कोसों दूर है। अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने वाले प्रदेश के मुखिया से लेकर जिले के प्रशासन प्रमुख क्या इस ओर क्रांतिकारी कदम बढ़ाएंगे। क्या सिर्फ बिजली, पानी और रोड की बात होगी या फिर शासकीय योजनाओं के उचित क्रियान्वयन से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा। ऐसे अनेक सवाल है जो प्रशासनिक व्यवस्था के अलावा मप्र की राजनैतिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहे है। डोमनी और ढोरनी के आदिवासियों को क्या न्याय मिल सकेगा। अगर जिला कलेक्टर ने आदेशित किया भी तो क्या मैदानी अमला स्थिति को संभाल पाएगा। विषय अत्यंत गंभीर और अपने आप में विचारणीय है। प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।



# पातालकोट आजीविका उत्पाद रूरल मार्ट का शुभारंभ

**कलेक्टर ने फीता काटकर किया शुभारंभ, गरीब महिलाओं को मिलेगा लाभ**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

पातालकोट आजीविका उत्पाद रूरल मार्ट का शुभारंभ स्वर्णजयंती काम्पलेक्स ग्राम पंचायत के पास देलाखारी की दुकान में माननीय कलेक्टर महोदय के करकमलों से फीता काटकर शुभारंभ किया गया है । इस रूरल मार्ट का संचालन नारी एकता आजीविका संकुल स्तरीय संघ के द्वारा किया जा रहा है। इसका मुख्य उददेश्य छिन्दवाडा जिले के आजीविका मिशन योजना अंतर्गत संचालित स्वंय सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय एवं प्रचार-प्रसार करना है जिसके विक्रय से गरीब महिलाओं को अधिक अधिक लाभ पहुंचाकर लखपति बनाये जा सके। रूरल मार्ट से उत्पाद कय करने के लिये ऑनलाईन क्यूआर कोड के माध्यम से आर्डर कर उत्त्पाद मंगवा सकते है एवं रूरल मार्ट काम्पलेक्स से भी कय कर सकते हैं। शुभारंभ के समय उपस्थित सीईओ सर जनपद पंचायत तामिया, श्रीमति रामवती कैथवास ई० मेडम नायब तहसीलदार, श्री देवेन्द्र बर्डे विकाखण्ड प्रबंधक तामिया एवं समस्त स्टॉप नारी एकता संकुल स्तरीय संघ के पदाधिकारी एवं समूहों की दीदीयों उपस्थित रही और उनके द्वारा रूरल मार्ट से उत्पाद भी कय किये गये ।

## राष्ट्रीय हिंदू सेना का हुआ छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर 20 में गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश प्रभारी एव जिला अध्यक्ष यमन साहू,नगर अध्यक्ष विक्की साहू कि सहमति से बैठक की शुरुआत ओम के उच्चरण के साथ जय श्री राम के नारे के जय घोष के साथ की गई। नगर अध्यक्ष विक्की साहू ने बताया कि संगठन के विस्तार एव कार्यशैली एव उद्देश जैसे गौ रक्षा माताएं बहनों की सुरक्षा हिंदुत्व की रक्षा पुन जिला अध्यक्ष यमन साहू ने बताया कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए हिंदुत्व को एकजुट करने के लिए और गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने के लिए जो संभव प्रयास हमारे संगठन और हम सभी पदाधिकारियो से होंगे हम करेंगे और क्षेत्रवासियो से जुडी समस्या भी संगठन द्वारा निवारण किया जायेगा। बैठक में वार्ड अध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी एव जिला अध्यक्ष यमन साहू नगर अध्यक्ष विक्की साहू जिला कार्यकर्ता प्रथमेश वर्मा मयंक सोनी, कुलविंदर सिंह, राघव सिंह, वैभव साहू, दुर्गेश सूर्यवंशी, कुणाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने सुनी 169 आवेदकों की समस्याएं

**कलेक्टर ने जल्द से जल्द प्रकरणों का निपटारा करने अधिकारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 169 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पीएम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये।



### पांढुरना जिला भारतीय बौध्द महासभा अध्यक्ष बने डॉ अशोक भगत

**सौंसर।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला पांढुर्णा की महत्वपूर्ण बैठक धम्मदीप बुद्ध विहार पांढुर्ना में मंगलवार को भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एस बी सोनटटकेजी के प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई।बैठक में सर्वसम्मति से पांढुर्णा जिला भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत को नियुक्त किया गया,मिली जानकारी अनुसार बैठक का शुभारंभ तथागत बुध्द,डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा अभिवादन एवं त्रिशरण पंचशील के साथ किया गया, बैठक के दौरान भारतीय बौद्ध महासभा राजरत्न आंबेडकर के मध्यप्रदेश अध्यक्ष एस.पी. सोनटके के द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा स्थापित भारतीय बौद्ध महासभा के माध्यम से संपूर्ण प्रदेश एवं देश में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजरत्नजी आंबेडकर के नेतृत्व में सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम किया जा रहे हैं।

### सांसद ने दिल्ली में की केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू से मुलाकात

# जिले में चिन्हित किए गये नये स्थान पर हवाई पट्टी का हो निर्माण: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मंत्रालय के प्रमुख विभाग कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिन्दवाड़ा में एयरपोर्ट के लिए चिन्हित की गई जमीन में हवाई पट्टी के निर्माण की सम्भावनाएं बढ़ गई है। जिसे लेकर सांसद ने मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू से मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान सांसद ने केन्द्रीय मंत्री से छिन्दवाड़ा में चिन्हित की गई एयरपोर्ट की जमीन पर हवाई पट्टी के निर्माण का निवेदन किया है। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने हर सम्भव सहयोग और स्वीकृति का आश्वासन भी दिया है। इस दौरान सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू को एक पत्र भी दिया है।



सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू को मुलाकात के दौरान बताया कि मेरी लोकसभा क्षेत्र छिन्दवाड़ा-पान्दुर्ना के छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय में एयरसट्रिप है, जिसमें केवल 7 सीटर एयरक्राफ्ट एवं हेलीकाप्टर ही लैंड कर सकते हैं। हवाई पट्टी की लंबाई 1486 मीटर एवं 30 मीटर चौड़ाई है। विगत दिनों सर्वे एजेन्सी राईटस द्वारा बनाई गई फिजीबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार हवाई पट्टी का विस्तार किया जाना उपयुक्त नहीं है। इसलिये नवीन स्थल पर एयरपोर्ट प्रस्तावित किया गया है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा नवीन स्थल को चिन्हांकित किया गया है। सर्वे एजेन्सी राईटस द्वारा ग्राम तिकाड़ी, तिवरा कामय एवं खूनाझिर कलां में एयरपोर्ट के लिये फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार की गई है। छिन्दवाड़ा में एयर पोर्ट की विस्तृत रिपोर्ट एवं डी.पी. आर. तैयार करने का नवीन कार्य प्रस्तावित है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने केन्द्रीय किंजारापु राममोहन नायडू को बताया कि छिन्दवाडा, सिवनी, बैतूल, नरसिंहपुर का नजदीकी एयरपोर्ट नागपुर है, जिसके लिये करीब ढाई घंटे की सडक यात्रा करनी पड़ती है। एयरपोर्ट के निर्मित होने से छिन्दवाड़ा एवं पान्दुर्ना के अतिरिक्त सिवनी, बैतूल, नरसिंपुर जिले के उद्योगपतियों, छात्रों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी करने वालों, बीमारों को उच्च उपचार के लिये आने जाने में तथा व्यापारियों को अपने व्यापार के लिये प्रवास में सुविधा होगी। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से निवेदन किया है कि छिन्दवाडा जिले में एयरपोर्ट की स्थापना एवं व्यावसायिक उडानों का संचालन भी शीघ्र प्रारंभ कराने का कष्ट करें। केन्द्रीय मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू से मुलाकात के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू के साथ भोपाल सांसद आलोक शर्मा, खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं जबलपुर सांसद आशीष दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पिट्टू खेल का स्कूल में हुआ आयोजन

**सौंसर।** मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन संकल्प हायर सेकेंडरी स्कूल सौसर में किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल संचालक वैशाली निमकर के द्वारा किया गया। आयोजन को संबोधित करते हुए लॉक नोडल अधिकारी बाबा खान ने कहा कि शासन के द्वारा बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाएं निकाल कर सामने आए बच्चों को खेल का मौका मिले इस उद्देश्य को लेकर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।बाबा खान ने एस.जी.एफ.आई का भी धन्यवाद मानकर पिट्टू को शामिल किया गया। साथ ही अपने समय के अनुभव को अवगत कराया गया।इस क्रम में संस्था की प्राचार्या वर्षा ठाकरे ,विकासखंड प्रभारी मिलिंद चारे ,पीटीआई सतीश मालवी, दर्शन लोणारे, अश्विनी बोबडे, कुसुम पवार, वंदना देश भरतार का योगदान रहा है।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति चौरई जिला छिन्दवाड़ा**

क्रमांक/मंडी/प्रांगण / नियमन / 2025-2026 चौरई दिनांक...........

**(आम-इश्तहार)**

एतद द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मंडी प्रांगण में श्रीमान कलेक्टर महोदय छिन्दवाड़ा के आदेश क्रमांक / 3141/ वि०लि०-1 (ए) / 2025 छिन्दवाड़ा दिनांक 03 जून 2025 के परिपालन में मंडी प्रांगण के अंदर जप्त चावल 58.80 क्विंटल एवं 162 बोरी चाँवल का दिनांक 12/08/2025 को दोपहर 2.00 बजे मंडी कार्यालय में नीलाम किया जा रहा है। इच्छुक व्यापारी उक्त नीलामी में भाग ले सकतें है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क करें। एवं एक दिन पूर्व चॉवल का सेम्पल देखने हेतु इच्छूक व्यापारी कार्यालय में आकर सेम्पल का अवलोकन कर सकतें । नीलाम का कार्य गठित समिति की निगरानी में सम्पन्न किया जावेगा। निर्णय लेने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा ।

**नीतू उइके**
सचिव कृषि उपज मंडी समिति चौरई

**प्रभात मिश्रा**
भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी समिति चौरई

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 1000 फलदार पौधों का किया वितरण

# लोगों को पौधों की देखभाल, सिंचाई और संरक्षण के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंगलवार को जुन्नारदेव नगर पालिका ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 700 फलदार पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण और मातृ समान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष, रमेश जी पार्षदगण, अधिकारी, सामाजिक संगठन और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने भी पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत में नगरपालिका अध्यक्ष रमेश जी ने कहा, ''यह केवल पौधा लगाने की पहल नहीं, बल्कि हमारी माताओं के प्रति कृतज्ञता और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी




का प्रतीक है। भाजपा नेता अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन ने कहा कि वृक्ष लगाने से पर्यावरण एवं स्वच्छ हवाओं का वातावरण बनता है वृक्ष लगा वितरित किए गए पौधों में आम, अमरूद,नींबू और अनार जैसे फलदार पेड़ शामिल थे, जो न केवल हरियाली बढ़ाएंगे बल्कि आने वाले वर्षों में स्थानीय लोगों को आजीविका का भी स्रोत बन सकते बीजेपी कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ पौधों के वितरण में सहयोग किया, बल्कि लोगों को पौधों की देखभाल, सिंचाई और संरक्षण के उपाय भी बताए। एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने कहा, यह अभियान सिर्फ पर्यावरण नहीं, हमारी संस्कृति और भावनाओं से भी जुड़ा है। हमें इसे जन-आंदोलन की तरह अपनाना चाहिए।

### अभियान को मिलेगा स्थायी स्वरूप

जुन्नारदेव नगरपालिका ने इस अभियान को केवल एक दिन की गतिविधि नहीं, बल्कि दीर्घकालिक पहल के रूप में लेने का संकल्प लिया है। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले महीनों में और अधिक पौधारोपण कार्यक्रम, जनजागरूकता रैलियां और देखभाल प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

### पौधारोपण में यह रहे उपस्थित

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मुख्य अधिकारी नेहा धुर्वे, अपील समिति सदस्य व पार्षद संजय जैन, नाप उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, राजेंद्र सूर्यवंशी, दीप्ति कांता साहू, प्रमोद बंदेवार, देवेंद्र टांडेकर, गीता वाईकर, सुमन यादव, अमित यादव, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री अमन सोनी सहित नगर पालिका कर्मचारी एवं नगर के गण उपस्थित थे

## न्यायालय परिसर में हुआ रामायण पाठ



परासिया : न्यायालय परिसर परासिया में सावन मास के पुण्य उपलक्ष्य में न्यायालय परिसर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को दोपहर 12 बजे से अखंड सुंदरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। जिसकी समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण और भंडारा हुआ। यह आयोजन समस्त अधिवक्ता साथियों के सहयोग से किया गया।

## नवांकुर सखियों के द्वारा आदर्श ग्राम नांदना में 51 कावड़ियों ने निकाली यात्रा



दमुआ। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना परिवर्तित संस्था (जन मानस सामाजिक विकास संस्थान नांदना) सेक्टर क्रमांक 4 के द्वारा हरयाली महोत्सव के उपलक्ष मे नवांकुर सखीयो के द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गयी जिसमे ग्राम के ग्रामवाशीयो ने बड़े हर्षोउल्लास के साथ रेली निकाली इस रैली मे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी के द्वारा बताया गया की हमे अपने आदर्श ग्राम मे ऐसी अनेक प्रकार की गतिविधि अपने ग्राम मे करना है साथ हि सभी को बोला गया की बरसात के दिनों मे हमे अपने घरों के आसपास साफ सफाई करना चाहिये तथा सार्वजानिक स्थानो मे सभी को मिलकर सफाई अनिवार्य रूप से करना चाहिए इस कावड़ यात्रा की रेली मे मुख्य रूप से नवांकुर सखी हेमलता नागवंशी, सनीला बेलवंशी, क्रांति बेलवंशी, सुखवती बेलवंशी, माया बेलवंशी, कमलिया चंचल साथ ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के सदस्य मुकेश बेलवंशी, विशाल बेलवंशी,राकेश चंचल कमलेश नागवंशी रमेश बेलवंशी ,राजू बेलवंशी,उमेश पंद्राम ,सुगना बेलवंशी आदि ग्राम के अन्य सभी ग्राम वासियो के सहयोग से कार्यक्रम समन्न किया गया।

# महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज, सावन के झूलों का लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

श्रवण के पावन मास के अवसर पर महिलाओं द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर महिलाओं द्वारा सावन के गीत गाए गए और झूलों का आनंद लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के एक लोन में किया गया जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन कर सावन के झूले का आनंद लिया। इस अवसर पर ज्योति साहू, सपना साहू, आरती साहू, अरुणा साहू, अंकिता साहू, संचिता अग्रवाल, पूजा सिंह सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## आवारा मवेशियों ने मचाई धमाचौकड़ी, नपा दमुआ कार्यवाही के प्रति उदासीन



दमुआ। नगर पालिका दमुआ के निकाय क्षेत्र दमुआ नगर शहर के एरिया क्षेत्र में आवास मवेशी जानवरो ने धम्म चैकडी मचाकर रखी है आलम यह है कि दमुआ क्षेत्र के मुख्य चैराहे सडक मार्ग पर आवारा मवेशी जानवर डेरा डाले जमे रहते है जिसकी वजह से सडको पर आवागमन करने वालो लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पडता है दिन हो या रात आवारा जानवर मवेशी सडको पर जमवाडा लग जाता है फिर भी न.पा. द्वारा इन मवेशी जानवरो पर किसी प्रकार का कोई शिकंजा नही कस रही है तथा कार्यवाही नही की जा रही है। कई बार लोग सडको पर बैठे जानवरो के कारण दुर्घटना ग्रस्त होते होते बच गये फिर भी न.पा. उदासीन बनी हुई है।

# चौथे सावन सोमवार पर रूद्र अभिषेक के साथ हुआ हवन पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्रावण मास के प्रारम्भ होते ही भोले की मढिया मंदिर बेरियर रोड दमुआ में श्रवण मास के पावन अवसर पर श्री रामचरित्र मानस अखण्ड रामायणय पाठ का कार्यक्रम प्रतिदिन चलता रहा उक्त अवसर पर सावन सोमवार को विशेषकर भोले की मढिया मंदिर मे सुन्दर काण्ड पाठ का क्रम प्रतिदिन चलता रहा और चौथे सावन सोमवार को रूद्र अभिषेक के साथ हवन पूजन अनुष्ठान आरती एवं प्रसादी भण्डारे का कार्यक्रम भी भव्य रूप से किया गया जहां धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम को सम्पन्न कराने मे पंडित श्री रमाकांत जी शास्त्री के सानिध्य में पूजन पाठ के विधिवत कार्यक्रम सम्पन्न हुए भोले की मढिया मंदिर समिति बेरियर दमुआ के समस्त भक्त श्रद्धालुओं भक्जनो धर्म प्रेमियों के सहयोग से श्रवण मास के पावन महिने भर प्रतिदिन विधिवत पूजन पाठ के कार्यक्रम चलते रहे इस अवसर पर आज दिनांक 04-08-2025 दमुआ शहर नगर मे हलुआ प्रसादी का सभी भक्त जनो को प्रसादी वितरण की गई और कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## डायरिया रोको अभियान में वारासिवनी एवं लालबर्रा विकासखंड के ग्रामों में किया गया क्लोरिनेशन

बालाघाट। वर्षा ऋतु के दिनों में आम जन को जल जनित बीमारियों डायरिया, टायफाईड आदि के संक्रमण से बचाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उईके के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर जल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 05 अगस्त को जिले के वारासिवनी एवं लालबर्रा विकासखंड के ग्रामो मेंढकी, थानेगाँव, बुदबुदा, कोचेवाही, कामठी, पाथरशाही में जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सलाह दी गई कि जल स्त्रोतों के आसपास गंदगी ना होने दें और स्वच्छता बनाए रखें। दूषित जल के सेवन से डायरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियां फैलती हैं।

### डीएपी व सिंगल सुपर फास्फेट के प्रयोग के संबंध में दी जानकारी

## कृषि विस्तार अधिकारी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। कृषि कार्यो के लिए किसानों द्वारा लगातार की जा रही डीएपी की मॉग के बीच में शासन द्वारा किसानों को डीएपी व अन्य खाद के बीच में अंतर व उनसे होने वाले लाभ हानि के बारे में बताने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में भेजना प्रारंभ कर दिया हैं। इसी कड़ी में कृषि विस्तार अधिकारी दिलेश कुमार खंडेलकर ने अपने कार्य क्षेत्र कोचेवाही, डोरली, गटापायली, सेरपार के भ्रमण के दौरान सेवा सहकारी समिति में लगभग 5 ग्राम के 50 कृषकों को डीएपी और सिंगल सुपर फास्फेट के बारे में विस्तार से जानकारी एवम् सलाह दी गई।

वर्तमान समय में डीएपी खाद की मांग कर रहे कृषक बन्धुओं को उन्होंने समझाया कि किसान डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग करे, जो किसानों को समिति के माध्यम से सरलता से 505 रुपये में प्राप्त हो जाएगी। डीएपी खाद काफी महंगी होने के साथ उसमें मुख्यतः 2 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं, पहला नाइट्रोजन 18 प्रतिशत, दूसरा फास्फोरस 46 प्रतिशत। उन्होंने कृषकों को डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट डालने की सलाह दी। जिसमें 3 प्रकार के मुख्य तत्व पाए जाते हैं, पहला फास्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 11 प्रतिशत, तीसरा कैल्शियम 19 प्रतिशत, ऐसी खाद या उर्वरक डालने से किसान की फसलों को लाभ मिलेगा, जो ज्यादा लाभकारी होता हैं। कृषकों को सलाह दी गई कि डीएपी खाद में कैल्शियम की मात्रा अधिक होने से घुलने में काफी समस्या उत्पन्न होती हैं। उन्होंने किसानों को बताया कि डीएपी खाद में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन पाया जाता हैं, जो घुलनशील है, बाकी शेष तत्व फास्फोरस 46 प्रतिशत जमीन में वेस्टेज के रूप में पड़ा हुआ रहता हैं, जो घुलने में काफी समय लगाता है। सभी कृषक बन्धुओं को सलाह दी गई कि कृषक अपने खेतो में डीएपी के स्थान पर एसएसपी खाद का प्रयोग करे। जो खड़ी फसल में भी प्रयोग कर सकते है। कृषकों के खेतों की मिट्टी की जांच में भी लगभग यही पाया गया है कि कृषक अपने खेतों में जिंक सल्फेट, गोबर की खाद, पोटाश का इस्तेमाल करे। इस अवसर पर क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी श्री खंडेलकर, 5 ग्रामों डोरली, कोचेवाही, सेरपार, गट्टापायली, समिति के सहयक प्रबंधक श्री हनवत, होमेन्द्र हरिनखेड़े एवम् सभी किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी को इस्तीफा देने की धमकी देने वाले आरएसएस प्रमुख भागवत को गिरफ्तार करने किशोर समरिते ने केंद्रीय गृह सचिव भारत सरकार को लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज लांजी। संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरिते ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत पर यह आरोप लगाया है कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को इस्तीफा देने एवं इस्तीफा न देने पर अपहरण कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की है वहीं इस संपूर्ण मामले की सीबीआई एवं सर्वोच्च न्यायालय के रिटायर्ड न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कमीशन बिठाने की भी मांग की है श्री समरिते ने कहा कि भारत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिसे 1947 में चार दिनों क लिये प्रतिबंध लगा, 1948 मेंदेशके सवोच्च नेता स्व० महात्मा गाधी जीकी हत्या से प्रतिबंध लगा, 1975 से 1977 तक आपाककाल के दौरान प्रतिबंध लगा तथा 1992 में बाबरी विध्वंस के लिये प्रतिबंध लगा। वर्तमान में कनाडा की सरकार ने आर.एस.एस. पर प्रतिबंध लगा दिया तथा अमेरिकी गुप्तचर संसथा सी,आई.ए. ने भी आर एस.एस. पर प्रतिबंध लगा दिया। आर.एस.एस. का भारत में कोर्ड पंजीयन नहीं है तथा यह संस्था भारत में आयकर भी नहीं देती है इसके बावजूद दिल्ली में इनका 300 कमरे का कार्यालय सहित 10 हजार करोड की सम्पति का मालिक है। तथा विदेशों में 84 देशों में इसका संगठन है। भारत सहित 'विदेशों में इस संसथा के नेता एवं कार्यकर्ताओं के विरूद्ध एक हजार से अधिक मुकदमें है ऐसी संस्था का प्रमूख भारत में देश के प्रधानमंत्री के इस्तीफा देने अपने नागपूर कार्यालय में बुलाकर दबाव बनाता है ।तथा प्रधानमंत्री को नागपूर में बुलाकर अपहरण करने एवं जान से मारने की धमकी देता है यह गंभीर सवाल है। प्रधानमत्री देश का होता है किसी दल का नहीं यह घटना भारत के लिये शर्मनाक है। ऐसी परीस्थिति में भारत के प्रधानमंत्री की रक्षा करना एवं आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार किया जाना अति आवश्यक है ।साथ ही आर.एस.एस. पर प्रतिबंध लगाना अतिआवश्यक है। भारत के प्रधानमंत्री पर इस्तीफ का दबाव बनाना देश कें साथ बगावत करना तथा यह केन्द्र की चनी हुई सरकार को गिराने की साजिश है। जनता के वोटो से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया से निर्वाचित भारत के प्रधानमंत्री का पद संवेधानिक पद है। इस मामले में आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून(NSA) तथा संगठित अपराध नियंत्रण कानून (UAPA) क तहत गिरफ्तार किया जाना चाहिये। ऐसी परिरिथिति में जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत से सन 1857 से 1947 तक संघर्ष में मारे गये 8 लाख भारतीयों एवं 13500 क्रांतिकारीयों के परिवार को 20-20 लाख रूपये मुआवजा देने की योजना में कार्य कर रहे है। आर.एस.एस. को यह बात पसंद नहीं है। तथा आर.एस.एस. ने भारत के स्तंत्रता आंदोलनों में कभी हिस्ता नहीं लिया। इसीलिये आर.एस.एस.देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का विरोध कर रहेहै। इस मामले में संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरिते ने कहा भारत सरकार एवं केंद्रीय गृह मंत्रायल को सी.बी.आई. को दिशा निर्वेश जारी कर आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत को प्रधानमंत्री को इस्तीफा का दबाव बनाने अपहरण कर जान से मारने की 'धमकी देने को मामले में (NSA) एवं UAPA) के अलावा भी बी.एन.एस. की गैर जमानती धाराओं में अपराध दर्ज कर गिरफ्तार करने तथा आर.एस.एस. को भारत में आजीवन प्रतिबंध लगाने की कार्यवाही हेतु मांग कि है।

## म.प्र.जन अभियान परिषद ने नवांकुर सखी हरियाली यात्रा अंतर्गत कलश यात्रा, शपथ ग्रहण, पौधारोपण का हुआ

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मान. मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एवं जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन सर एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका बैश मैडम जी के मार्गदर्शन में विकासखंड किरनापुर के सेक्टर क्रमांक 2 किन्ही अंतर्गत ग्राम पंचायत रमगढ़ी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम क्षेत्रीय सहयोग ग्राम विकास संस्थान हिर्री द्वारा आयोजित किया गया , सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथियो का स्वागत पौधा देकर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अनिल बोपचे द्वारा संचालित किया गया, कार्यक्रम में नवांकुर प्रमुख बी. सी. मंडलवार जी द्वारा कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर विस्तार से बताया गया ,ब्लॉक समन्वयक रुचिका बैश मैडम द्वारा नवाकुर सखी कार्यक्रम में जन अभियान परिषद एवं पेड़ों की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड किरनापुर के विकासखंड समन्वयक रुचिका बैश, नवांकुर प्रमुख क्षेत्रीय सहयोग ग्राम विकास संस्थान बी सी मंडलवार, राज भूषण सोशल सोसायटी नवांकुर संस्थान प्रमुख दिनेश चोरनेले , ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती उर्मिला रहांगडाले, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव सदस्य परामर्शदाता राजकुमार टांडेकर, समाज कार्य स्नातक पाठ्यक्रम की छात्र /छात्राओं छात्राओं एवं हमारे तहसील मिडिया प्रभारी मदन मोहन पाराशर, ग्रामीण जनों की सहभागिता सराहनीय रही।

### कनिष्ठ यंत्री के बर्ताव से खिलाड़ी नाखुश, अभद्रता के लगाए आरोप

## पहले खेल ग्राउंड को खराब किया, फिर खिलाड़ियों को दी थाने में रिपोर्ट डालने की धमकी

### मामला ग्राम नेवरगांव ( ला.) का



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। लालबर्रा के ग्राम नेवर गांव ( ला.) के युवा खिलाड़ियों द्वारा अपने खर्च और मेहनत से अपनी दैनिक दिनचर्या के खेल क्रिकेट खेलने के लिए ग्राउंड का निर्माण कराया था और खिलाड़ियों द्वारा ग्राउंड का रखरखाव अच्छे से किया जा रहा था ताकि रोजाना क्रिकेट की प्रैक्टिस कर सके लेकिन उनकी मंशाओ पर पानी फिर गया। नेवर गांव निवासी खिलाड़ी अरुण धुर्वे, जितेन्द्र मनघटे ने मीडिया को बताया कि विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने के लिए खेल ग्राउंड की सीमेंट की पिच तोड़ दी गई ग्राउंड में जगह-जगह गड्ढे कर दिए गए जब हमने उक्त समस्या और समस्या के निराकरण के लिए कनिष्ठ यंत्री को फोन लगाया और विनम्र निवेदन किया गया की सर हमने बड़ी मुश्किल से इधर-उधर से पैसे जमा कर और अपनी पूरी मेहनत मजदूरी करके खेलने के लिए बड़े मुश्किल से ग्राउंड को संवारा था किंतु आपके विभाग द्वारा ग्राउंड में क्रेन से ट्रांसफार्मर को खींचते हुए ले जाया गया जिससे ग्राउंड में गड्ढे पड़ गए और हमारी क्रिकेट खेलने की पिच टूट गई जिसे आप मरम्मत करवा देते जी! होना क्या था वह कहावत तो आपने सुनी ही होगी उल्टा चोर कोतवाल को डांटे..होना क्या था जे. ई. साहब ने अपने पावर का रोब दिखाते हुए खिलाड़ियों को थाने में रिपोर्ट डालने की धमकी तक दे डाली.. जिससे खिलाड़ियों में आक्रोश है खिलाड़ियों का कहना है कि कनिष्क यंत्री का बर्ताव खिलाड़ियों के लिए अच्छा नहीं था।जो बड़ा ही दुख का विषय है। खिलाड़ियों की मांग है कि ग्राउंड की मरम्मत कराई जाए। जिससे क्रिकेट के दर्जनों खिलाड़ी अपनी प्रेक्टिस को प्रतिदिन कर सके।

## सर्वर डाउन सूनी ना रह जाए कलाइयां

### सॉफ्टवेयर 2.0 लॉन्च होते ही डाकघरों में आ रही तकनीकी समस्या

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

03 दिनों बाद बहन-भाई के पवित्र रिश्तों का त्यौहार रक्षाबंधन है. ऐसे में भाइयों से दूर रहने वाली बहनें अपने भाईयों को राखी भेजने की लगातार कोशिशें कर रही है किंतु बहनों की भावनाओं पर डाकघरों की तकनीकी समस्या ने खलल डाल रखा है और यह हाल केवल कटंगी का नहीं बल्कि समूचे बालाघाट जिले के डाकघरों का है. डाक विभाग में एक सप्ताह पहले लागू किया गया एडवांस सॉफ्टवेयर 2.0 तकनीकी समस्या से जूझ रहा है. इस सॉफ्टवेयर के जरिए जैसे ही डाकघरों में काम शुरू हुआ, सर्वर डाउन हो गया और रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, खातों से जुड़ी सेवाएं समेत तमाम कार्य पूरी तरह से प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है.



नए सॉफ्टवेयर के सर्वर में तकनीकी समस्या होने के कारण बहनें अपने भाइयों राखी तक नहीं भेज पा रही है. विभाग की इस तकनीकी चूक का असर सीधे आम जनता पर पड़ा, वहीं इससे लाखों रुपए के राजस्व नुकसान की भी आशंका जताई जा रही है. जिले भर के डाकघरों में बड़ी संख्या में डाक पार्सल रखे हुए है। मंगलवार को त्योहारी सीजन को देखते हुए बड़ी संख्या में महिलाएं अपने भाइयों को राखी भेजने के लिए सुबह से कटंगी डाकघर पहुंचीं।

### गर्रा में निकला जुलूस, पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के लगे नारे

# सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन के घर में हमला के मंशा से घुसे आरोपियों में बायलू द्विवेदी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन के घर में हमले की मंशा से घुसे आरोपियों में बायलू द्विवेदी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर गर्रा में जुलूस निकाला। कोतवाली पुलिस ने ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन के परिसर में बायलू द्विवेदी को लाया,

### गर्रा में थी बहुत दहशत, पुलिस ने निकाल दी सब हेकड़ी

ग्राम गर्रा निवासी सजायाप्ता बायलू द्विवेदी वर्ष 2001 से ही संगठित अपराध का सरगना हैं, कई बार जेल जा चुका हैं। अभी वर्तमान में भी जमानत पर बाहर था, दर्जनों अपराध पूर्व में भी वारासिवनी थाना, कोतवाली बालाघाट सहित अन्य थानों में अपराध दर्ज हैं। नगर के छटे हुए अपराधियों को पोषित करता हैं। अपराधियों को जमा कर संगठित अपराध करवाता हैं। 2010 से लेकर 2021 तक बायलू द्विवेदी की दहशत ग्राम गर्रा में चरणसीमा पर थी, रेत के कारोबार में गुण्डागर्दी गर्रा ग्राम के दर्जनों अपराधिक लड़कों को संगठित कर ग्राम गर्रा में भव्य फैलाया जाता था। मातारानी की स्थापना के नाम पर अवैध वसूली करना तथा ग्राम के व्यापारियों को डरा धमकाकर चंदा के रूप में लाखों रूपये वसूले जाते थे। ग्राम गर्रा के एक व्यापारी के द्वारा भी पुलिस में शिकायत कर अपराध दर्ज करवाया गया था।

### क्या हैं पूरा मामला ...

बीते दिनो जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन तथा ग्राम गर्रा के सैकड़ों नागरिकों के द्वारा जिला कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में अतिक्रमण की भूमि पर संचलित शराब दुकान को अन्यत्र हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था तथा शराब दुकान के बाजू में ही बायलू द्विवेदी के द्वारा अतिक्रमण कर भव्य भवन बनाया गया हैं। जो कि पंचायत की भूमि में हैं। इसे भी हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लगातार 3वर्षों से ग्राम की जनता तथा ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन के द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की गई थी, न्यायालय के आदेश की सत्यापित प्रतिलिपि कलेक्टर साहब को सौंपी गई थी। इसी बात को लेकर बायलू द्विवेदी के द्वारा षड़यंत्र रचकर ग्राम सरपंच की हत्या कराने की मंशा से रात्रि में 8-9 अपराधिक प्रवृत्ति के लोग घर में घुस जाते हैं। अगले ही दिन ग्रामीणों के साथ कोतवाली बालाघाट में पहुंचकर ग्राम प्रधान के द्वारा एफआईआर दर्ज कराई जाती हैं। 30 जुलाई को अपराध दर्ज होता हैं और एक सप्ताह के अन्दर ही कोतवाली पुलिस के द्वारा बीते कल 5 जुलाई को कुख्यात अपराधी बायलू द्विवेदी को गिरफ्तार कर पुलिस जुलूस निकाल देती हैं।

अपराध में शामिल अन्य 8 आरोपियों की गिरफ्तारी शेष रह गई हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा कुख्यात अपराधी का जुलूस निकालने पर गर्रा के ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाए।

### इनका कहना हैं



ग्राम गर्रा निवासी संतोषी रामस्वरूप गोयल के द्वारा पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण कर शराब की दुकान संचलित करवाई जा रही हैं, हमारे द्वारा न्यायालय में याचिका लगाई गई। पंचायत की भूमि ग्राम पंचायत को सौंपी जायें। इसी बात को लेकर ग्राम गर्रा के बायलू द्विवेदी के द्वारा मेरे घर में मेरी हत्या कराने की मंशा से गुण्डे भेजे गए। पुलिस प्रशासन के द्वारा कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया हैं, हम पुलिस प्रशासन का हृदय से धन्यवाद करते हैं।

**वैभवसिंह बिसेन**
**जिला सरपंच संघ अध्यक्ष**

# बाघ की मौत और साक्ष्य मिटाये जाने के मामले में डीएफओ को नोटिस

### वन्यजीव प्रधान मुख्य वनसंरक्षक ने मांगा जवाब, 6 सदस्यीय एसआईटी भी कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के सोनेवानी अभयारण्य में मादा बाघ की संदेहास्पद मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। शव मिलने के बाद दो वन अधिकारियों के निर्देश पर वन सुरक्षा श्रमिकों द्वारा शव को जला दिए जाने की घटना ने भोपाल से लेकर बालाघाट तक हंगामा मचा दिया है।

मामले में वन्यजीव प्रधान मुख्य वनसंरक्षक शुभरंजन देव ने डीएफओ अधर गुप्ता को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने प्रधान मुख्य वनसंरक्षक व वनबल प्रमुख को पत्र लिखकर इसे बाघ की हत्या बताया है। उन्होंने दो वन अधिकारियों के साथ-साथ डीएफओ अधर गुप्ता को निलंबित करने और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

जांच के लिए एसआईटी गठित

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए सीसीएफ गौरव चौधरी ने 6 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। मंगलवार को एसआईटी ने घटनास्थल का दौरा किया। इस दौरान सीसीएफ गौरव चौधरी के साथ एसआईटी टीम प्रमुख तरुण कुमार डेहरिया, विनय कुमार मेश्राम, एस.पी. गोस्वामी, विनोद कुमार चौहान, अजय कुमार चौरे और सुखलाल चौरीवार मौजूद थे।

टीम दो सप्ताह में मादा बाघ की मौत के कारण, शव जलाने के स्थल, और घटना में शामिल लोगों की पहचान करेगी। आशंका है कि इस मामले में और भी लोग शामिल हो सकते हैं।

एसडीओ बीआर सिरसाम का कहना है कि यदि बाघ का शव मिल जाता, तो सुराग मिल जाते। पोस्टमार्टम से मौत के कारणों का पता चल पाता। घटनास्थल से बरामद बाघ की हड्डी और अधजले मांस को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

प्रकरण में चौंकाने वाली बात है कि वन विभाग को इस गंभीर घटना की जानकारी व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से मिली। यह घटना जिले के वन विभाग की संरक्षित वन्यजीवों के प्रति उदासीनता को दर्शाती है।

बता दें कि सोनेवानी के कक्ष क्रमांक 443 में, 27 जुलाई को पोटुटोला नहर के पास नाले में बाघ का शव मिला था। डिप्टी रेंजर टीकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे के कहने पर श्रमिक चौकीदारों ने 29 जुलाई को सूखी लकड़ी एकत्रित बाघ के शव को जला दिया।

जब 2 अगस्त को मामला व्हाट्सऐप के माध्यम से सामने आया, तो आनन-फानन में वन अमले ने इसकी जांच शुरू की। इसमें 8 आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया। 6 आरोपियों सुरक्षा श्रमिक चौकीदार हरिलाल, शिवकुमार, शैलेष, अनुज, मानसिंह और देवसिंह को गिरफ्तार किया, जबकि निलंबित डिप्टी रेंजर टीकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# नक्सल प्रभावित ग्राम पाथरी के 7 ग्रामीणों का जबलपुर में निःशुल्क मोतियाबिंद

### ऑपरेशन, ऑपरेशन के बाद पुलिस चौकी पाथरी में हुआ आत्मीय स्वागत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम पाथरी में दिनांक 2 अगस्त 2025 को एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद जांच-ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया था। यह शिविर पुलिस प्रशासन, अश्रित फाउंडेशन असाटी दवाखाना मोहगांव, प्योरिटी सर्विसेस जैन हॉस्पिटल बालाघाट तथा देवजी नेत्रालय जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।यह आयोजन "एकल सुविधा केंद्र" एवं सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया था, जिसका उद्देश्य शासन की सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रशासनिक विश्वास को दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक पहुँचाना था।शिविर के दौरान 45 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई थी, जिनमें से 18 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई थी। इनमें से कोप सिंह, चैतू, बीसन, चंद्रेश, दरबारी, ज्ञानसिंह एवं बर्नूसिंह को 2 अगस्त को जबलपुर भेजा गया, जहां 4 अगस्त को देवजी नेत्रालय, जबलपुर में उनका सफल ऑपरेशन किया गया।5 अगस्त को सभी 7 मरीजों को स्वस्थ अवस्था में ग्राम पाथरी वापस लाया गया, इस अवसर पर कोपसिंह वरकड़े ने भावुक होते हुए कहाः मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी आंखों का ऑपरेशन जबलपुर जैसे बड़े शहर में होगा। लेकिन पुलिस प्रशासन बालाघाट की मदद से मेरा सफल ऑपरेशन हुआ और अब मैं अपनी आंखों से साफ-साफ देख पा रहा हूं। इसके लिए मैं पुलिस प्रशासन का दिल से धन्यवाद देता हूं।

इसी क्रम में, 5 अन्य मरीजों को भी आज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया, जिनका 6 अगस्त को निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा जी की पहल"एकल सुविधा केंद्र – समस्या छोटी-बड़ी, समाधान साथ खड़ी" की भावना को साकार करता है और सेवा, विश्वास एवं सामुदायिक सहभागिता का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है।पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा (भा.पु.से.) की पहल पर जिले के दूरस्थ वनांचल मे 46 एकल सुविधा केंद्र संचालित है जिसके माध्यम से वनाधिकार पट्टे के आवेदन, जाति प्रमाण पत्र , आधार कार्ड एवं अन्य महत्त्व पूर्ण दस्तावेज बनवाने सहित शिविर आयोजित कर जन कल्याण कारी कार्य किए जा रहे है ।

# महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ : नर्स की कमी, महिलाओं को नहीं मिल रहा उपचार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और सुमन योजना यह वह तमाम योजनाएं है जो केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही है. इन स्वास्थ्य योजनाओं का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सही सेहत प्रदान करना है. मगर, सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों और खास तौर से महिला स्टॉफ की कमी की वजह से महिलाओं की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है. बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के अंतिम छोर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर यानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोरेघाट में इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिल रहा है. यहां पर स्टॉफ नर्स नहीं होने से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही है. खासकर महिलाओं को उपचार नहीं मिल पा रहा है. वैसे तो आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रसुति महिलाओं के प्रसव तक की समुचित व्यवस्था है परंतु नर्स नहीं होने की वजह से प्रसुति महिलाएं तो छोड़िए अन्य रोग से पीड़ति महिलाएं भी सामान्य उपचार कराने के लिए केंद्र तक आने में संकोच करती है. महिलाओं से चर्चा करने पर वह बताती है कि अस्पताल में उपचार के दौरान अगर महिला कर्मचारी हो तो वह सहज महसूस करती है. मिली जानकारी अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ नर्स गंगा वासनिक को कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अटैक कर दिया गया है. वह कटंगी में अपनी सेवाएं दे रही है और गोरेघाट में स्टाफ नर्स का पद भरा हुआ दिखाई दे रहा है. जिस कारण वहां अन्य नर्स की नियुक्ति भी नहीं हो पा रही है.



खैरलांजी, अंबेझरी, कुड़वा, चिटका देवरी, देवरी खुर्द, भोड़की, हेटी, संग्रामपुर हमेशा सहित आस-पास के करीब आधा दर्जन गांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोरेघाट पर आश्रित है. लेकिन इन गांवों के ग्रामीण अब अपना उपचार कराने के लिए गोरेघाट अस्पताल में नहीं जाते बल्कि मोटा पैसा खर्च कर प्राइवेट अस्पतालों में अपना उपचार करवाने के लिए जाते है. चर्चा तो यह भी है कि गरीब वर्ग का व्यक्ति कई बार उन बीमारियों का उपचार भी कर्ज लेकर प्राइवेट अस्पताल में करवाता है. जिसका इलाज आसानी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हो सकता है. विडंबना यह है कि कटंगी विकासखंड में तमाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्सों की कमी का सामना कर रहे है. गांव में संचालित होने वाले केंद्रों में प्रशिक्षित नर्सें नहीं है. नर्सों की कमी के कारण, महिलाओं को प्रसव, स्त्री रोग, और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है. महिलाओं को जीवनशैली, गर्भावस्था, और परिवार नियोजन के बारे में आवश्यक जानकारी नहीं मिल पा रही है।

# ग्राम बोरगांव से निकली कांवड़ यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** ग्राम बोरगांव से श्रावण मास सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कांवड यात्रा में वाहनों पर सवार कांवडिए बम-बम भोले के जयकारों के साथ अबीर गुलाल उड़ा रहे थे। कुछ कांवड़िए भक्ति गीतों पर नृत्य भी कर रहे थे। यात्रा में लोग तिरंगा भी लहरा रहे थे। कांवड़ यात्रा को देखने के लिए लांजी बाजार में सड़क के दोनों ओर जगह-जगह महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की भीड़ लगी रही। जगह-जगह कांवड़ यात्रा पर पुष्पों की वर्षा की गई। ग्राम बोरगांव की सोन नदी से गंगा जलभ लेकर कांवडियां जैसे ही गांव के चौंक चौराहा होते हुए लांजी में नगर की सीमा में प्रवेश किया। लोगों ने अबीर गुलाल उड़ाकर उनका स्वागत किया। बम-बम भोले के जयकारे लगाए। कांवड़ यात्रा का चौक में ग्राम बोरगांव से निकली भव्य कांवड़ यात्रा बोल-बम सेवा समिति एवं ग्रामीणो के द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा दादा कोटेश्वर महादेव लांजी के लिए श्रावण मास के आखिरी सोमवार को निकाली गई जिसमें प्रमुख रूप से कपिल पटले अध्यक्ष, नेतलाल बिसेन कोषाध्यक्ष, सुदेश रहांगडाले, गोविंद बिसेन, उमेश किसान, राजेश शेंडे,विलास पटले,फागुलाल राऊत, आशीष ठाकरे,नामेश्वर ठाकरे, विरेंद्र पटले,लिलाधर रिन्हायत, अभिषेक चुरहे,संदिप हरिनखेडे,किशनु जामरे, टेकचंद कटरे,तेजलाल पांचे,मासुम रहांगडाले, राहिल खरे, बब्बू ठाकरे, वैभव रिन्हायत, डेविड तुरकर, सोमिल रिन्हायत,कुमेश पांचे,अंचल बिसेन, प्रत्युष जामरे, रितेश रिन्हायत, बंटी रिन्हायत, आकाश चौहान , लक्ष्य चौहान और बजरंगी सेनाका सहयोग रहा।

# 12 अगस्त को कुनबी समाज के तत्वावधान में प्रतिभावान विद्यार्थीयो का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

छत्रपति शिवाजी राजे कुनबी समाज ब्लॉक ईकाई खैरलांजी के तत्वावधान में 12 अगस्त को तहसील मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्राम भौरगढ के सिद्ध स्वामी भवन में मेधावी छात्र छात्राओ का सम्मान समारोह एंव ब्लॉक कार्यकारिणी समिती का गठन किया जाएगा।यह जानकारी कुनबी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष डेविड सेलोकर के द्वारा दि गई। उन्होंनो बताया की सम्मान समारोह में समाज की होनहार बच्चो को जिन्होंने कक्षा दसंवी एंव बारहॅवी मे सत्र 2024-25 में मेरिट अंक अर्जित कर समाज का नाम गौरवान्वित किया, जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा । साथ ही कार्यक्रम में नवीन ब्लॉक कार्यकारिणी समिती का गठन कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रंम में प्रमुख अतिथि के रुप में कुनबी समाज के जिलाध्यक्ष विशाल राऊत, डा. रविंद्र ताथोड वारासिवनी, , रामप्रसाद तितरमारे सरपंच खैरी, वर्षा होलुराम कहालकर सरपंच मोवाड, अनिता तितरमारे जिजा माता महिला ब्लॉक अध्यक्ष के प्रमुख आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एंव डेविड सेलोकर के द्वारा कार्यक्रंम की अध्यक्षता की जाएगी। सामाजिक बन्धुओ से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया गया।

### संस्था के सभी पदाधिकारी धम्म के प्रचारक है-डॉ.चरनदास ढेंगरे

# किरनापुर तहसील मुख्यालय में अंधश्रद्धा,चिंतन/कार्यकर्ता शिविर सम्पन्न

### बुद्ध विहार धम्म प्रशिक्षण के केन्द्र है-बी.एच.गायकवाड

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय बौद्धो की एक मात्र राष्ट्रीय धार्मिक धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया अपने उद्ददेश्यो की पूर्ति हेतु 24 प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन जिला, तहसील, नगर मुख्यालय में कर शीलवान समता मुलक समाज निर्माण कार्य निरंतर कर रही है। इसी क्रम में किरनापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश मुख्यालय के शाक्य मुनि बुद्ध विहार में दो दिवसीय अंद्धश्रद्धा, चिंतन कार्यकर्ता धम्म प्रशिक्षण शिविर दिनांक 2 व 3 अगस्त 2025 को सम्पन्न हुआ। उक्त शिविर के मुख्य अतिथि, प्रबोधनकार बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव, म.प्र., छ.ग.,गुजरात राज्यों के प्रालक मंत्री मुंबई, प्रमुख अतिथि, प्रबोधनकार डॉ.एड.एस.एस. वानखेडे सर राष्टीय सचिव, केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग प्रमुख एवं साउथ राज्यो के प्रभारी मुंबई,प्रमुख अतिथि गौतम पाटिल सर, राष्टीय संघठक एवं प्रदेश महामंत्री अजाक्स म.प्र. भोपाल,प्रमुख अतिथि एवं शिविर उदघाटक डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा द. एवं केन्द्रीय शिक्षक थे,अध्यक्षता दुरेन्द्र सावनकर अध्यक्ष माजी श्रामनेर बोद्धाचार्य किरनापुर थे। विशेष अतिथि के रूप में एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष बालाघाट, प्रदेश उपा.हेमलता डोंगरे,सचिव मप्र मनोज निकोसे भोपाल,आर.के.कठाने बालाघा बालाघाट, जिला उपा.खुशीयाल मेश्राम, देवानंद रंगारे हट्टा,मंजू सुर्यवंशी, सचिव के.के.भालाधरे, पी.डी.भालाधरे,आनंद वैध, बी.एल.घल्लेकर,धरम श्यामकुंवर,एम.के.मडामें बी.आर.रामटेके पूर्व तहसील अध्यक्ष लांजी, सभी तहसीलों के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भिमटे लांजी,कैलाश भोरजार खैरलांजी, आर.डी.बंसोड, अभिराज मेश्राम वारासिवनी, आर.डी. देशभ्रतार बैहर एवं अन्य साथी उपस्थित रहे। दोनो दिन सामूहिक पूजा वंदना के बाद प्रशिक्षण शिविरों में मुंबई से पधारे अतिथि एवं प्रशिक्षक व प्रबोधन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया,गायकवाड गुरूजी ने प्रशिक्षण के दौरान आदर्श जीवन जीने की कला के टिप्स दिये तथा उन्होने कहा कि बुद्ध विहार यह धम्म प्रशिक्षण के केन्द्र है,उसी प्रकार डॉ.एड.वानखेडे ने भी बताया कि अंद्धश्रद्धा एक सामाजिक समस्या है उन्होने आगे कहा कि बौद्ध धम्म यह सामाजिक क्रांति है,इस प्रकार के शिविर निरंतर आयोजित होना चाहिए। भोपाल से पधारे गौतम पाटिल जी ने महाबोधी विहार बोधगया आंदोलन की जानकारी दी तथा सभी ने आंदोलन में सहयोग करने की अपील की। शिविर उदघाटक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे ने उदघाटन अवसर पर बताया कि संस्था अपने उद्देश्यो की पूर्ति हेतु 24 प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन निरंतर कर रही है सभी पदाधिकारी धम्म के प्रचारक है,सभी ने संस्था के माध्यम से निरंतर धम्म कार्य करना चाहिए।इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु किरनापुर शाखा के महासचिव विनय चौरे ,कोषाध्यक्ष गौतम भिमटे, संगीता नागवंशी, हरिचंद गौरकर, हंसराज वाहने, प्रियंका हुमनकर,कपिल वानखेडे, रमाशंकर हिरकने, एन.एल.निकोसे, अशोक रामटेके, विनोद भिमटे तथा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण शाखाओं के पदाधिकारी व जिले के अन्य व क्षेत्रो के विशेषकर समता सैनिक दल लांजी के अध्यक्ष पंकज मेश्राम कोषाध्यक्ष, चंद्रदीप रामटेके, विकास सुर्यवंशी किरनापुर, इनकी टीम द्वारा अतिथि एवं उपस्थित जन समुदाय को जनरल सलामी दी गई। वही मुंबई के अतिथियो ने SSD के जवानों को आवश्यक दिये।



# आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन को लेकर नगर परिषद में बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन को लेकर नगर परिषद के सभाकक्ष में बैठक हुई है। इस बैठक में मुख्य रूप से नगर के सामाजिक संगठन, व्यापारिक बंधु और आदिवासी समाज संगठन के सदस्य और नगर परिषद अध्यक्ष एवं अन्य जप्रतिनिधियों के अलावा नप के अधिकारी कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में इन दोनों महत्वपूर्ण अवसरों को लेकर योजनाएँ और तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले ने कहा 9 अगस्त को मनाया जाने वाला आदिवासी दिवस, मूलनिवासी लोगों के सम्मान और उनके अधिकारों को मान्यता देने का दिन है वहीं रक्षाबंधन त्योहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है और 9 अगस्त को ही मनाया जाएगा। इस बैठक में, दोनों त्योहारों को शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्वक मनाने के लिए व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। इसमें सुरक्षा, सफाई, और सार्वजनिक व्यवस्था जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। नगर परिषद ने यह भी सुनिश्चित किया कि दोनों त्योहारों को एक साथ मनाने के लिए उचित व्यवस्था की जाए, ताकि समुदाय में एकता और भाईचारा बना रहे। बैठक में होने वाली आदिवासी दिवस समारोह की रैली को लेकर व्यवस्था बनाने हेतु चर्चा की गई तथा बैठक में लांजी थाना प्रभारी वीभेंदू टांडिया भी मौजूद रहे जिन्होंने सभी व्यापारियों को व्यवस्था बनाने की अपील की ताकि आदिवासी दिवस के दिन निकलने वाली रैली का कार्यक्रम शांतिपूर्ण रूप से हो सके। इस दौरान किसी भी प्रकार का हुड़दंग और अव्यवस्था फैलाने वाले गुंडा बदमशों एवं आसामजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

